कृषकों को उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध करने को सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व राज्य सरकारों का है । राज्य सरकारों के विभागीय अभिकरण, सहकारी समितियां और गैर-सरकारी व्यवसाय, कृषकों में बीज वितरण के मुख्य अभिकरण हैं । राष्ट्रीय बीज निगम तथा तराई विकास निगम, राज्यों की किसी भी कमी को पूरा करने के लिये प्रमाणित बीजों का उत्पादन भी करते है । ये निगम राज्य सरकारों और कृषकों को अपने डिपुओं और समस्त देश में इस कार्य के लिये नियुक्त 400 से भी अधिक विक्रेताओ के माध्यम से बीज वितरित करते है ।

### राज्यों में बीज के भण्डार खोलना

3644. श्री ओंकार लाल बेरवा : क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार ने किन-किन राज्यों में बीज के भण्डार खोले हैं ; और

(ख) उक्त बीज के भण्डार किन आधारों पर खोले गये है ?

**कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अण्णासाहिब पी० शिन्दे)** : (क) भारत सरकार ने किसी राज्य में कोई बीज का भण्डार नहीं खोला है । फिर भी, राष्ट्रीय बीज निगम ने, जो भारत सरकार की एक संस्था है; निम्नलिखित स्थानों पर स्थित प्रक्रिया प्लान्टों के साथ भण्डारों की स्थापना की है :—

| क्रम संख्या | स्थान | राज्य |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. | हिसार | हरियाणा |
| 2. | यमुनानगर | हरियाणा |
| 3. | विजयवाडा | आन्ध्र प्रदेश |
| 4. | दौराला | उत्तर प्रदेश |
| 5. | भोपाल | मध्य प्रदेश |
| 6. | जलगांव | महाराष्ट्र |
| 7. | केन्द्रीय भण्डार तथा पूर्ति डिपो | दिल्ली |
| 8. | हेमपुर | उत्तर प्रदेश |
| 9. | डोलो | बिहार |

चौथी योजना के दौरान, महाराष्ट्र, तमिलनाडू, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान की राज्य सरकारों ने अपने राज्यों में बीज भण्डारों का निर्माण करने की योजना बनाई है ।

(ख) राष्ट्रीय बीज निगम ने बीज उत्पादन के क्षेत्र को और वहां उपलब्ध प्रक्रिया सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बीज भण्डार स्थापित किये है ।

### Cost of Airlifting of Bangla Desh Refugees

3645. SHRI JYOTIRMOY BOSU : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state how much airlifting of Bangla Desh refugees in foreign planes is costing Government of India ?

THE MINISTER OF LABOUR AND REHABILITATION (SHRI R. K. KHADILKAR) : The amount of the expenditure on airlift operations and the Government of India's liability on this account will be known only after these operations are completed.